हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 11 मार्च 2026

9 ढाणावाली मंगलवारी माता के वार्षिक मेले में उमड़ी...



10 धान घोटाले की जांच सीबीआई से करवाने व अमेरिका ...



## रस्सी और लोहे के गेट से रोके जा रहे वाहन

# निर्माणाधीन पुल पर बालू रेत डालकर टोल कर दिया चालू

बवानी खेड़ा की सुंदर नहर के आसपास नए बाइपास का करीब 900 मीटर की सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

लगता है कि बवानी खेड़ा क्षेत्र राम भरोसे है क्योंकि भिवानी से हांसी तक के नए बाईपास का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ,लेकिन एनएचआई ने बवानी खेड़ा में नए टोल को चालू कर दिया। जिस जगह पर पुल या सड़क का निर्माण कार्य अधूरा है,उस जगह पर रस्सी बांधकर लोहे की पलेट खड़ी करके वाहनों को सर्विस रोड से निकाला जा रहा हैं। कायदे से रोड का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद ही टोल चालू किया जा सकता है। फिलहाल एनएचआई के इस कदम से क्षेत्र के लोगों में जबरदस्त रोष बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को एनएचआई के अधिकारियों ने बवानी खेड़ा पहुंचकर विधिवत रूप से टोल को चालू कर दिया। इस दौरान कुछ लोगों ने सड़क का कार्य पूरा होने तक टोल न लगाने की गुजारिश की थी,पर एनएचआई के अधिकारियों ने लोगों की शिकायत को दरकिनार करते हुए वाहनों की पर्ची कटनी आरंभ कर दी,जिससे लोगों में रोष पनप रहा है। बवानी खेड़ा की सुंदर नहर के आसपास नए बाईपास का करीब 900 मीटर की सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। उस रास्ते में अभी बालू रेत ही डाला गया है। जिस पर से इक्का दुक्का ही वाहनों का आवागमन हो रहा। इस फजीहत से बचने के लिए एनएचआई ने सभी वाहनों को जिस जगह पर सड़क का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। उस जगह पर रस्सी बांध दी है साथ ही वहां पर लोहे की पलेट भी लगा दी ताकि वहां चालकों को अधूरे रोड के बारे में जानकारी न मिल सके, लेकिन वहां चल चोरी छिपे इस पुल या सड़क पर चढ़ कर एनएचआई के डीईओ की पोल खोल रहे हैं। जितना सड़क का टुकड़ा बचा। उसको बनाने में करीब एक महीने का समय लग सकता है। इसी तरह गाँव प्रेमनगर के पास बीबीएमबी के पास भी अभी रोड को क्लियरेंस नहीं मिल पाए है। कभी इस रोड को खोल दिया जाता है तो कभी फिर से बंद कर दिया जाता है।ऐसे में किस तरह से रोड के निर्माण कार्य पूरा होने की। एनओसी जारी हो सकती है। फिलहाल एनएचआई के रवैये से लोगों में रोष है।





भिवानी। बवानीखेड़ा में टोल के पास अधूरा पड़ा नए बाइपास के पुल का निर्माण कार्य और रस्सी बांधकर वाहनों को रोकते हुए। फोटो : हरिभूमि

■ बीबीएमबी के पास भी अभी रोड को क्लियरेंस नहीं मिल पाई

### बवानीखेड़ा बाइपास को छोड़कर टोल रेट तय: पांडे

नेशनल हाईवे 148बी पर सोमवार से टोल वसूली शुरू कर दी गई है। एनएचएआई के साइट इंजीनियर राजेश पांडे ने बताया कि विभाग ने फिलहाल बवानीखेड़ा बाईपास को टोल से बाहर रखते हुए बाकी मार्ग के लिए टोल की दरें तय की हैं। उन्होंने कहा कि हाईवे का निर्माण कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है और इसे पूरा होने में करीब सवा महीना लग सकता है। बवानीखेड़ा शहर बाईपास पर अभी हाईटेंशन बिजली की तारें गुजर रही हैं, जिन्हें शिफ्ट किया जाना बाकी है।

### ये रहेगा मासिक किराया

एनएचएआई की ओर से मासिक पास की सुविधा भी दी जाएगी। कार, जीप व हल्के मोटर वाहनों के लिए 50 एकल यात्राओं का मासिक पास 2255 रुपये, हल्के वाणिज्यिक वाहनों के लिए 3645, बस या दो धुरी वाले ट्रक के लिए 7640 , तीन धुरी वाले वाणिज्यिक वाहनों के लिए 8335 , चार से छह धुरी वाले वाहनों के लिए 11980 तथा सात या उससे अधिक धुरी वाले वाहनों के लिए 14585 रुपये निर्धारित किया गया है



बवानीखेड़ा। टोल फ्री करवाने के लिए एनएचआई के साथ बातचीत करते चेयरमैन सुंदर अत्री।

# चेयरमैन पहुंचे टोल पर फ्री करने की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानी खेड़ा

आज नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री की अध्यक्षता में नगर के पार्षदों एवं पार्षद प्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने टोल प्लाजा से संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान कस्बा वासियों की चली आ रही टोल से जुड़ी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से रखा गया तथा स्थानीय लोगों के लिए टोल फ्री करने की मांग की गई। नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने बताया कि टोल प्लाजा के कारण क्षेत्र के आम नागरिकों, व्यापारियों तथा दैनिक आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए स्थानीय निवासियों को राहत देने के लिए टोल फ्री करने की मांग अधिकारियों के समक्ष रखी गई है। टोल अधिकारी ने बताया कि बवानी खेड़ा शहर की जितनी भी गाड़ियां है वे दो चार दिन में अपने आधार कार्ड एवं गाड़ी की आरसी जमा करवा दे ,जिससे उनका जीरो टैब में गाड़ी नंबर चढ़ा दिया जायेगा तथा जब तक डॉक्यूमेंट जमा नहीं हो जाते तब तक दोनों साइड की फर्स्ट लाइन से आपको अपनी गाड़ी निकालनी होंगी जिससे आपका टोल नहीं लगेगा।

■ बवानी खेड़ा के वाहनों को निकाला जाएगा एक नंबर से

### ये रहे मौजूद

इस अवसर परपार्षद दीपक सैनी, एवं पार्षद प्रतिनिधि भरत गुज्जर ,मास्टर सुरेश कुमार, प्रदीप कुमार, नवीन गख्खड़,मास्टर अमित कुमार, मास्टर विनोद कुमार, जोगेंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

---

जसबीर राठी को मिला थल सेना में कमीशन

# राठी परिवार की चौथी पीढ़ी भी देश सेवा को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चेन्नई आर्मी ट्रेनिंग सेंटर से जसबीर सिंह राठी पास आउट हुए और अब वह भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर नियुक्त हो गए हैं। पिछले वर्ष चेन्नई से ही जसबीर की बहन सिमरन राठी भी इसी सेंटर से पास आउट हुई थी और गोल्ड मेडल जीता था। दोनों बच्चों के पिता जयभगवान सिंह राठी सेना में ब्रिगेडियर पद पर हैं।



भिवानी। सेना अधिकारी पिता व बहन और माता के साथ लेफ्टिनेंट जसबीर राठी। फोटो : हरिभूमि

### जसबीर की मां की भी सेना में दिलचस्पी, बहन भी उच्च पद पर

इनका गांव राठीवास जिला गुड़गांव में है। इन बच्चों के दादाजी कप्तान व परदादा हवलदार के पद से रिटायर्ड हो चुके। इन बच्चों की मां उर्मिला ग्रेवाल राठी भिवानी के गांव बामला में ईश्वर सिंह ग्रेवाल की बेटी हैं। बामला गांव की बेटी उर्मिला का भी इन बच्चों की कामयाबी में बहुत बड़ा योगदान है। इन्होंने स्वयं भी कॉलेज में पढ़ते समय पूरे हरियाणा की एनसीसी की कमांड की थी। इनकी भी सेना में बहुत दिलचस्पी रही है और उर्मिला ग्रेवाल का बड़ा भाई करणबीर सिंह ग्रेवाल इस समय भारतीय सेना में मेजर जनरल के पद पर हैं।

## 14 मार्च को होगी साल की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत

चरखी दादरी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष डॉ. गगनदीप कौर सिंह के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम संजीव काजला ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि आमजन को सस्ता, सुलभ एवं शीघ्र न्याय मिल सके। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम से संबंधित मामले, पारिवारिक विवाद, दीवानी एवं फौजदारी मामले, श्रम विभाग से संबंधित प्रकरण, भूमि अधिग्रहण, बिजली-पानी के बिलों से जुड़े मामले तथा राजस्व मामलों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में भाग लेकर इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## प्रतिबंधित दवाओं को लेकर नियमित रूप से की जाए कार्यवाही : उपायुक्त

चरखी दादरी। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने निर्देश दिए हैं कि जिला में प्रतिबंधित दंवाओं की बिक्री करने वाले मेडिकल स्टोर पर निरंतर रेड की जाए। किसी भी हाल में जिला में प्रतिबंधित दवाओं का व्यापार ना हो। उन्होंने कहा है कि नशे के खिलाफ जिला में अभियान जारी रहेगा तथा प्रतिबंधित दवाएं बिक्री करने वालो के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन नशे की आपूर्ति, तस्करी और सेवन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई कर रहा है। उपायुक्त ने जिला में नशीले पदार्थों के मुख्य सप्लायरों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा हैं कि एएनएम, एमपीएचडब्ल्यू और आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से नशा पीड़ितों की पहचान कर सर्वे कराया जाए तथा तैयार डाटा को प्रयास ऐप पर अपलोड किया जाए। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में नशा तस्करों, सप्लायरों और नेटवर्क से जुड़े व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

# क्लर्क ललित कुमार एक साल में दूसरी उपलब्धि हासिल कर बने सहायक प्रोफेसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कौन कहता है आसमां में छेद नहीं होता, एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया तोशाम निवासी ललित कुमार ने, जिन्होंने अपनी मेहतन, दृढ़ निश्चय व लक्ष्य प्राप्ति के जुनून से एक ही वर्ष में लगातार दूसरी बार सराहनीय उपलब्धि हासिल की है। ललित ने हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में सहायक प्रोफेसर भूगोल पद पर चयनित होकर अपने परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

ललित की सफलता इसलिए भी खास है, क्योंकि एक ही वर्ष में ये उनकी दूसरी बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले वर्ष 2024 में उनका चयन हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से क्लर्क पद पर हुआ था। वर्तमान में वे स्थायी लोक अदालत करनाल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मात्र एक साल के अंदर क्लर्क से राजपत्रित अधिकारी के पद तक पहुंचना उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण को दर्शाता है। ललित अब सुंदरलाल बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय उत्तराखंड से अपनी पीएचडी की पढ़ाई पूरी कर रहे हैं। ललित ने अपनी शानदार उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, पीएचडी गाइड अनीता रुडोला व अपने गुरुजनों को दिया। ललित ने कहा कि युवाओं को अपना लक्ष्य तय करके उसी के अनुसार मेहनत करनी चाहिए। जीवन में कोई लक्ष्य मुश्किल नहीं होता है। यदि इरादा मजबूत है तो एक न एक दिन सफलता अवश्य मिलती है।



■ लक्ष्य स्पष्ट एवं इरादे मजबूत हो तो सफलता पाने से नहीं रोक सकती कठिनाइयां

# यूपीएससी पास सुनीता श्योराण का भव्य स्वागत, विजयी जुलूस निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल करने वाली सुनीता श्योराण का संस्कृति मॉडल स्कूल में भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल प्राचार्य योगेश सांगवान की अध्यक्षता में किया गया जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोग और विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सम्मान समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील इंजीनियर हड़ोदी ने सुनीता श्योराण को सम्मानित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां भी कड़ी मेहनत और लगन से देश की सर्वोच्च परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि सुनीता की सफलता पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है और इससे अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। सुनीता श्योराण ने कहा कि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत निरंतर की जाए तो सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित पढ़ाई करने और बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधन की ओर से सुनीता श्योराण को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आर्य समाज अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र बोहरा, पंचायत समिति के पूर्व चेयरमैन भल्लेराम बाढड़ा, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष रामकिशन फौजी आदि मौजूद रहे।



# ग्रामीणों ने उज्ज्वल घणघस को बैठाया पलकों पर, निकाला जुलूस

■ यूपीएससी में 174वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया जिले का मान



भिवानी। धनाना गांव के उज्ज्वल घणघस ने यूपीएससी में 174वीं रैंक ली है। जिनका गांव पहुँचने पर भव्य स्वागत हुआ। जहां इंस्पेक्टर पिता ने बेटे को कहा कि हवा में मत आना, जनता की सेवा करना। उल्लेखनीय है कि उज्ज्वल घणघस का यूपीएससी परीक्षा पास करने के बाद पैत्रिक गांव धनाना पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। हर कोई अपने लाल को पलकों पर बैठा कर स्वागत कर रहा है। उज्जवल घणघस का भिवानी शहर व गांव में विजय जुलूस निकाला गया।

इस दौरान जाटू खाप-84 के प्रधान भीमसिंह, घणघस खाप प्रधान प्रेम कुमार, गांव की तीनों सरपंचों, रिटायर्ड आईजी राजपाल घनघस, रणबीर प्रधान, पवन बेली, पहलवान छोटूराम मस्ता, रोड़वेज के पूर्व प्रधान ईश्वर शर्मा, रमेश फौजी, लीलू मस्ता सहित सैंकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

---


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिए गए ब्रेकफास्ट में शामिल हुई सांसद

# किरण चौधरी ने राज्यसभा में उठाया दवाइयों की अनियंत्रित कीमतों का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने मंगलवार को सदन में देश में दवाइयों की अनियंत्रित कीमतों और उससे आम मरीजों पर पड़ रहे आर्थिक बोझ का गंभीर मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने कहा कि दवाइयों की अनियंत्रित कीमतों से मरीजों पर भारी मार पड़ रही है। महंगी दवाइयां आम आदमी की पहुंच से बाहर हैं, जिसस उनको भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

वहीं दूसरी ओर राज्यसभा सांसद किरण चौधरी मंगलवार को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिए गए ब्रेकफास्ट में शामिल हुई। सदन में चौधरी ने कहा कि कई दवाइयां जिनका निर्माण लागत केवल कुछ पैसे या कुछ रुपये प्रति गोली होती है, उन्हें बाजार में 30 से 35 रुपये तक बेचा जा रहा है।



### वास्तविक लागत और मुद्रित खुदरा मूल्य में कई गुणा तक अंतर

विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार दवाइयों की वास्तविक खरीद लागत और मुद्रित अधिकतम खुदरा मूल्य के बीच का अंतर 50 से 350 गुना तक पाया गया है। सांसद ने यह भी कहा कि डॉक्टरों को जेनेरिक दवाइयां लिखने के लिए बाध्य करने पर चर्चा हो रही है। कई मामलों में ब्रांडेड और जेनेरिक दवाइयों के बीच कीमतों का अंतर 200 गुना तक पाया गया है। वजन कम करने की दवाएं जैसे टिरजेपेटाइड (मौंजारो), महंगी कैंसर और हृदय रोग की दवाइयां, तथा 300 से 400 रुपए तक कीमत वाले अस्थमा इनहेलर यह दिखाते हैं कि निर्माण लागत और बाजार कीमत के बीच कितना बड़ा अंतर है।

कलेक्टर रेट निर्धारण को लेकर उपायुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक

# अधिकारी गैर सरकारी सदस्यों के साथ मौके पर जाकर सही आकलन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला में कलेक्टर रेट निर्धारण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व विभाग और शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों सहित संबंधित विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### आंकड़ों का गहन अध्ययन

बैठक के दौरान डीसी गुप्ता ने राजस्व विभाग और शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों से उनके क्षेत्रों में भूमि के वर्तमान बाजार मूल्य और कलेक्टर रेट से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी गैर सरकारी सदस्यों के साथ मौके पर जाकर सही आकलन करें और उसके बाद प्रस्ताव तैयार करें ताकि कलेक्टर रेट वास्तविक बाजार मूल्य के अनुरूप तय किए जा सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे घरेलू व व्यापारिक क्षेत्रों का दौरा कर वास्तविक स्थित का जायजा लें। डीसी ने कहा कि कलेक्टर रेट तय करते समय आमजन के हितों और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी संबंधित आंकड़ों का गहन अध्ययन कर समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि आगामी प्रक्रिया को निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कलेक्टर रेट तय करते समय पूरी सावधानी बरती जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की आपत्ति उठाने का मौका न मिले।



■ घरेलू व व्यापारिक क्षेत्रों का दौरा कर वास्तविक स्थित का जायजा लें।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में एडीसी दीपक बाबू लाल करवा, एसडीएम महेश कुमार, डीआरओ राज कुमार भौरिया, तहसीलदार जयबीर सिंह, एसई पीडब्लूडी सुरेन्द्र देशवाल, इओ राजाराम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# धुरंधर 2 का नया पोस्टर जारी ईश्वर के प्रकोप का दिया संकेत

**मुंबई।** रणवीर सिंह की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर 2' का एक नया पोस्टर जारी हो चुका है। फैंस पोस्टर में रणवीर सिंह के दोनों लुक को लेकर काफी उत्सुक हैं। 'धुरंधर 2' के नए पोस्टर में रणवीर सिंह दो अलग-अलग किरदारों में दिख रहे हैं- जसकिरत सिंह रंगी और हमजा अली मजारी। उन्होंने पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'ईश्वर का प्रकोप आ रहा है'। फिल्म के पोस्टर को देखने के बाद फैंस काफी उत्साहित हैं। फैंस 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के लुक को देखकर बहुत खुश हैं। सोशल मीडिया पर लोग तारीफ कर रहे हैं और फिल्म का इंतजार कर रहे हैं।

## लाइफ Style

# अनीत
## बायोपिक में कास्टिंग की खबरें बेबुनियाद

लेजेंडरी एक्ट्रेस मधुबाला की बायोपिक की चर्चा काफी लंबे समय से चल रही है। हाल ही खबर आई कि इसमें मधुबाला का किरदार 'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा निभाएंगी, पर ऐसा नहीं है। अब इंडस्ट्री के सूत्रों ने इन खबरों को पूरी तरह गलत बताया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनीत पड्डा फिल्म में मधुबाला का किरदार नहीं निभाएंगी। एक सोर्स ने साफ किया कि अनीत पड्डा का नाम मधुबाला बायोपिक से जोड़ना एकदम गलत है। सोर्स ने कहा कि अनीत पड्डा को लेकर जो भी खबरें उड़ रही हैं, उनमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। ये दावे पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। मधुबाला भारतीय सिनेमा का एक बहुत बड़ा नाम हैं, इसलिए इन अफवाहों ने फिल्म प्रेमियों के बीच काफी हलचल मचा दी थी। पर सोर्स ने फिर से जोर देकर कहा कि अनीत पड्डा के प्रोजेक्ट (मधुबाला की बायोपिक) से जुड़ने की बात सिर्फ एक अफवाह है और फिलहाल ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। इससे पहले खबरें आई थीं कि मधुबाला की बायोपिक में कियारा आडवाणी दिवंगत एक्ट्रेस का किरदार निभाएंगी, पर वो खबरें भी अफवाह साबित हुईं। अनीत पड्डा की बात करें, तो उन्होंने साल 2022 में फिल्म 'सलाम वैंकी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, पर स्टारडम 2025 में रिलीज हुई 'सैयारा' से मिला। अब अनीत पड्डा फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आएंगी। फिल्म में 'होमबाउंड' फेम विशाल जेठवा भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह दिसंबर 2026 में रिलीज हो सकती है।



## हॉलीवुड मसाला



# पति बेनी को दी जन्मदिन की बधाई

**लॉस एंजिल्स।** सेलेना गोमेज ने अपने पति बेनी ब्लैंको के जन्मदिन पर खास शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ अनदेखी शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी शादी के पल और निजी जीवन की झलक दिखाई दी। सेलेना ने अपनी इस पोस्ट में शादी की कई रोमांटिक फोटोज शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ सेलेना ने कैप्शन में पति बेनी ब्लैंको को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। मैं तुम्हें पूरे दिल से प्यार करती हूं।'



# डॉल्बी थिएटर में होगा 98वां ऑस्कर अवॉर्ड समारोह...

**लॉस एंजिल्स।** कुछ ही दिनों में ऑस्कर 2026 का आयोजन होने वाला है और अब इसे लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इस साल का कार्यक्रम और ज्यादा खास होने वाला है, क्योंकि इसे कोनन ओ'ब्रायन होस्ट करने वाले हैं। इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह में प्रियंका चोपड़ा भी शामिल होने वाली हैं। 98वां अकादमी अवॉर्ड समारोह 15 मार्च को हॉलीवुड के लॉस एंजेलिस स्थित मशहूर डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी दुनियाभर की फिल्म इंडस्ट्री की नजरें इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह पर टिकी हुई हैं। भारत में टाइम डिफरेंस की वजह से दर्शक इस समारोह को 16 मार्च की सुबह लगभग 4:30 बजे से देख सकेंगे। आप जियो हॉटस्टार ऐप और वेबसाइट पर सुबह 4:30 बजे से इसकी लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं।



# है जवानी तो इश्क... की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े सहित कई कलाकार नजर आएंगे। इस रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस पोस्ट के हिसाब से 'है जवानी तो इश्क होना है' अब 5 जून की जगह 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने एक आधिकारिक बयान में लिखा, 'हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' मूल रूप से 5 जून को रिलीज होने वाली थी, जिसकी घोषणा हमने कई महीने पहले की थी। इस महीने की शुरुआत में, यश अभिनीत फिल्म 'टॉक्सिक' के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज तारीख की घोषणा की। 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' पहले 19 मार्च को रिलीज होने वाली थी।



# लाहौर 1947 का नहीं बदला टाइटल...

**मुंबई।** राजकुमार संतोषी की फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल को लेकर फिर से नया अपडेट सामने आया है। पहले खबर थी कि इसका नाम बदलकर 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है लेकिन, ऐसा नहीं है और इसकी पुष्टि आमिर खान ने की है। सनी देओल के फैंस 'बॉर्डर 2' के बाद उनकी अगली और चर्चित फिल्म 'लाहौर 1947' की रिलाज का इंतजार कर रहे हैं, जिसे राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है और आमिर खान प्रोडक्शन में बनी है। इस मूवी के टाइटल को लेकर बीच में अपडेट आया था कि उसे बदल दिया गया और उसका नया नाम 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है। लेकिन, प्रोड्यूसर ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है। आमिर खान से जब फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल में बदलाव के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'ये आपने कहां सुना?

## टीवी मसाला




# कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो जरूर अनुपमा में करूंगा वापसी

**नई दिल्ली।** अनुपमा में अनुज की भूमिका निभाकर पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले गौरव खन्ना किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। गौरव को इस शो में इतना पसंद किया गया कि फैंस उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। स्टार प्लस के शो अनुपमा में अनुज का कैरेक्टर बहुत ही मजबूत तरीके से दिखाया गया था। इस शो में दर्शकों ने अनुज के कैरेक्टर को इतना पसंद किया कि गौरव खन्ना हर किसी के फेवरेट बन गए। इस शो का हिस्सा बनने के बाद गौरव खन्ना को बिग बॉस 19 में देखा गया। इस शो के वो विनर बने. उसके बाद से फैंस को लगने लगा कि बिग बॉस के बाद गौरव खन्ना अब अनुपमा में वापसी करेंगे। अब गौरव खन्ना ने खुद इस बात को कंफर्म कर दिया है कि वो इस शो का हिस्सा बनेंगे या नहीं। एक इंटरव्यू में जब गौरव खन्ना से पूछा गया कि क्या वो फिर से अनुपमा में अनुज के तौर पर वापसी करेंगे। ऐसे में गौरव खन्ना ने जो जवाब दिया वो काफी मजेदार था। गौरव खन्ना ने कहा,'आप गलत इंसान से इस बारे में पूछ रहे हैं। क्योंकि, अनुपमा में वापसी करना मेरे हाथ में नहीं है। ये हमारे प्रोड्यूसर राजन शाही और चैनल स्टार प्लस पर डिपेंड करता है। अगर स्टोरी में मेरे लिए कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो मैं जरूर वापस आऊंगा। लेकिन, अगर ट्रैक एक्साइटिंग नहीं है तो मैं वापस नहीं आऊंगा।

## गुस्सा जायज है, घाव गहरे थे

**नई दिल्ली।** निक्की तंबोली कुछ दिन पहले ही रियलिटी 'द 50' से बाहर हुईं। हाल ही में उनके बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल भी शो से बाहर हो गए। अब शो में कुछ इंफ्लुएंसर, टीवी आर्टिस्ट बाकी रह गए हैं। अपनी हालिया पोस्ट में



बिना किसी का नाम लिए निक्की तंबोली ने 'द 50' के कुछ प्रतियोगियों पर निशाना साधा है। निकी तंबोली ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है। इसमें वह लिखती हैं, 'मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स करवाने से ज्यादा मेहनत अगर अपनी लाइफ पर करते तो शायद कोलेबोरेशंस से जिंदगी नहीं चलती। मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स खरीदने से अच्छा है, अपनी रिस्पेक्ट खरीद लो। शायद ज्यादा काम आ जाए।' वह आगे लिखती हैं, 'गुस्सा जायज है। घाव गहरे थे।' निक्की तंबोली ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि वह टीवी एक्टर प्रिंस नरुला और टीवी पर्सनालिटी शिव ठाकरे पर निशाना साध रही हैं। यह दोनों इस वक्त 'द 50' शो का हिस्सा हैं। जब निक्की और उनका बॉयफ्रेंड शो में थे तो शिव ठाकरे और प्रिंस नरुला से कई बार झगड़ा हुआ। 'द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं।

# पद्मा कभी अमिताभ की बनी थीं हीरोइन खूब चलाया था कैबरे डांस का जादू ...

*नई दिल्ली। भोजपुरी फिल्मों से अपना फिल्मी सफर शुरू करने वालीं पद्मा खन्ना ने अमिताभ बच्चन के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' और देवा आनंद के गाने 'हुस्न के लाखों रंग' में नजर आईं। फिल्मी और टीवी की दुनिया में कुछ कलाकार ऐसे हैं जो अपने नाम से अधिक अपने किरदार की वजह से जाने जाते हैं। ऐसे ही कलाकारों की लिस्ट में एक नाम पद्मा खन्ना का रहा है जो टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में रानी कैकेयी के किरदार से घर-घर में पहचानी जाती थीं। 70 और 80 के दशक में खन्ना अपनी खूबसूरती, डांस और एक्टिंग से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई थी। शायद बहुत कम लोगों को ये पता हो कि उनके फिल्मी सफर की शुरुआत के पीछे की वजह मशहूर एक्ट्रेस वैजयंती माला थीं, जिन्होंने पद्मा का डांस देखकर उन्हें फिल्मों में किस्मत आजमाने की सलाह दी थी। एक्ट्रेस से मिली यही छोटी सी सलाह आगे चलकर उनके जीवन का बड़ा मोड़ साबित हुई।*



### अमिताभ के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' गाना

पद्मा खन्ना के करियर का एक और अहम पड़ाव फिल्म 'सौदागर' रही, जिसमें वह महानायक अमिताभ बच्चन के साथ नजर आईं। इस फिल्म का गाना 'सजना है मुझे सजना के लिए' उस दौर का बेहद लोकप्रिय गाना बना। धीरे-धीरे वह हिंदी और भोजपुरी दोनों फिल्म इंडस्ट्री में एक जानी-मानी एक्ट्रेस बन गईं और अपने डांस के लिए खास तौर पर पहचानी जाने लगीं।

### 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से शुरुआत

पद्मा खन्ना ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत भोजपुरी फिल्म 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से की। उस समय उनकी उम्र लगभग 14 साल थी। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय फिल्मों में गिनी जाती है। इसके बाद उन्होंने कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे इस इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना ली। 'बिदेसिया', 'बलम परदेसिया', 'धरती मइया', और 'भैया दूज' जैसी फिल्मों में उनके काम को काफी पसंद किया गया।

# ताहिर ने पूरी की अनाम फिल्म की शूटिंग, साझा की तस्वीरें...



**मुंबई।** ताहिर राज भसीन जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता ने फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर कई तस्वीरें साझा की हैं। अभिनेता ताहिर राज भसीन ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। यह विक्रम फडनिस के निर्देशन में बना प्रोजेक्ट है। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। अभिनेता ने अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें साझा की हैं। साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है। ताहिर राज भसीन ने शूटिंग पूरी करने के बाद इंस्टाग्राम पर शूटिंग से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में ताहिर अपने किरदार में और कुछ अहम सीन की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने अपनी टीम के साथ बिताए मजेदार पलों की भी झलक प्रशंसकों के साथ साझा की। उन्होंने शूटिंग के बीच आराम करते और एक-दूसरे के साथ समय बिताते हुए कलाकारों और क्रू की तस्वीरें पोस्ट कीं। तस्वीरों में फिल्म की बाकी कास्ट सयामी खेर और विनीत कुमार सिंह भी नजर आ रहे हैं। तस्वीरें साझा करते हुए ताहिर ने प्रोजेक्ट के पूरा होने पर एक भावुक संदेश भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'शूटिंग पूरी हो गई। यह एक शानदार सफर रहा। विक्रम फडनिस आपका धन्यवाद जिन्होंने एक दिल को छू लेने वाला किरदार लिखा और निर्देशित किया, जिसे निभाना मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा। आपकी इस मेहनत से बनी फिल्म को दुनिया के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार है। ओजाजय, लेंस के जादूगर हैं। हर दिन अपनी उत्कृष्टता लाने और कलात्मकता के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए धन्यवाद। हद से

## हम घास की गठरियों पर आराम करते थे : सुप्रिया

# 80 के दशक में न वॉशरूम होते थे, और न ही वैनिटी वैन

*नई दिल्ली। 'खिचड़ी' एक्ट्रेस सुप्रिया पाठक ने 80 के दौर के फिल्म सेट की कहानी सुनाई और बताया कि तब वॉशरूम, वैनिटी वैन या आराम करने के लिए उचित जगह जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी कैसा अभाव रहा करता था। शाहिद कपूर की सौतेली मां सुप्रिया पाठक ने 'मिर्च मसाला' की शूटिंग के दौरान का एक किस्सा सुनाया। इस फिल्म की शूटिंग के लिए मिर्च फैक्ट्री में बिताए अपने अनुभव को शेयर किया और बताया कि कैसे एक दर्जन महिलाएं वहां घास और भूसे के गठरियों पर आराम करती थीं। हालांकि, 'खिचड़ी' एक्ट्रेस ने कहा कि इस तरह के माहौल में काम करने के पीछे की वजह एक्टर्स का जुनून होता था।*

### 80 से 90 के दशक में कैसा होता था फिल्मों का सेट

बातचीत में सुप्रिया ने 80 से 90 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री को लेकर बातें करते हुए बताया कि तब कैसे एक्टर्स वैनिटी वैन के बिना काम करते थे। उन्होंने कहा, 'जो जुनून था हमारे अंदर एक्टिंग का या किरदार बनाने का, उसकी वजह से बाकी सारी चीजों की अहमियत कम लगती थीं। पर धीरे-धीरे एहसास हुआ कि नहीं, ये भी जरूरी है।'

### बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए

उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा, 'आपको कोई एक बैठने की जगह चाहिए और खासकर महिलाओं के लिए, आपको एक बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए। मतलब मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं या तो उपलब्ध नहीं कराई जाती या होती ही नहीं थी।' मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं होती थीं।



### घास के बड़े-बड़े बंडल पर हम पूरे दिन बैठते थे

सुप्रिया पाठक ने कहा, 'मैंने एक फिल्म की थी मिर्च मसाला, जिसे केतन मेहता जी ने डायरेक्ट किया था। उसमें हम सारी औरतें थीं, करीब 10 महिलाएं थीं। तब हम मिर्ची की फैक्ट्री में शूट कर रहे थे। वो एक छोटा सा गांव था और वहां बेतहाशा गर्मी थी। वहां पीछे एक शेड जैसा था जहां घास रखे हुए थे। शायद मिर्ची को साफ करने का कोई प्रोसेस वहां होता था। तो बड़े-बड़े बंडल बनाकर रख दिए थे और हम पूरे दिन उसी पर बैठते थे।'

### कुछ भी करके बैठ जाते थे

पाठक ने कहा, 'एक एक्टर के लिए जैसे हमारे वहां स्पॉट बॉय होते थे, चाय लाना, अगर आप सर्दी में शूट कर रहे हो, कहीं भी शूट कर रहे हो तो बुनियादी सुविधाएं तो चाहिए ही। खाना, पानी, चाय, ये सब बेसिक चीजें जरूरी होती हैं। फिर मुझे लगता है कि धीरे-धीरे ये सारे बदलाव होंगे। हमारी इंडस्ट्री में आने लगे। आज शूटिंग करना काफी कंफर्टेबल होगा, चाहे आप कहीं भी हों। पहले के टाइम से काफी अलग है। हमारा वक्त तो हम सचमुच कहीं भी, कुछ भी करके बैठ जाते थे। '

### बाजार व राम-लीला के लिए मिले थे अवॉर्ड

बताते चलें की सुप्रिया पाठक ने अपनी मां दीना पाठक के साथ थिएटर से एक्टिंग की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने 'कलयुग' (1981) से फिल्मों में कदम रखा। पाठक को 'बाजार' (1982) और 'राम-लीला' (2013) के लिए अवॉर्ड भी मिले। उन्होंने 'मासूम' और 'मिर्च मसाला' जैसी फिल्मों, 'खिचड़ी' (हंसा के रूप में) और 'साराभाई वर्सेस साराभाई' जैसे टीवी शो में भी जानदार एक्टिंग की। इन सबके अलावा पाठक ने 'सरकार', 'वेक अप सिड', 'रेड 2' और 'खिचड़ी 2' में भी काम किया। एक्टिंग के अलावा सुप्रिया अपने पति पंकज कपूर के साथ एक प्रोडक्शन हाउस चलाती हैं।

## खबर संक्षेप

### जयनारायण सिंह नंबरदार का निधन

**भिवानी।** रेवाड़ी खेड़ा निवासी 102 वर्षीय धामाण बारह के पूर्व प्रधान ठाकुर जयनारायण सिंह नंबरदार का आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। ठाकुर जयनारायण पंचायती व्यक्ति थे



और उनकी अध्यक्षता में धामाण खाप ने बिना कोर्ट कचहरी के अनेक पेचीदा मामलों को भाईचारे के स्तर पर सुलझाया। उनके पौत्र मनोज परमार ने बताया कि वे लैंड मॉर्गेज बैंक के डायरेक्टर भी रहे एवं तत्कालीन हिसार जिले के अंतर्गत जिला परिषद के सदस्य भी रहे । उनकी अंतिम यात्रा में पूर्व मंत्री डाक्टर वासुदेव शर्मा, पूर्व प्राचार्य मामन सिंह, रिटायर्ड एसडीओ लखपत सिंह, कैप्टन अमर सिंह सदस्य धामाण खाप सरसा घोघड़ा, प्रीतम फौजी, अशोक डाक्टर, प्रधान आजाद सिंह आदि मौजूद रहे।

### खेत में सिंचाई करने गए किसान की मौत

**महेंद्रगढ़।** आकोदा में किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह खेत में सिंचाई करने गया था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसे खेत में बेहोशी की हालत में पाया, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया ।

## भंडारे में 8000 से अधिक श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

# ढाणावाली मंगलवारी माता के वार्षिक मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**मेले में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा**


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हनुमान ढाणी स्थित ढाणा वाली मंगलवारी माता मंदिर में वार्षिक मेला उत्सव का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया। इस अवसर पर 17वें विशाल देसी घी से बने प्रसाद भंडारे का आयोजन किया, जिसमें लगभग 8000 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। मेले में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम का महंत चरणदास महाराज का सान्निध्य रहा। महंत चरणदास ने कहा कि फाग महोत्सव के बाद एक माह तक उत्सव होता है। मेले के दौरान विभिन्न धार्मिक गतिविधियों का आयोजन किया। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में मत्था टेककर परिवार की खुशहाली और मंगल कामनाएं की। इस मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और रात को बना भोजन का भोग लगाकर श्रद्धालुओं ने परिवार सहित बैठकर बासी भोजन खाया। फाल्गुन महोत्सव के बाद सात दिन तक बासोहड़े पर माताओं की पूजा अर्चना होती हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति अवार्डी अशोक भारद्वाज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखने की अपील की।



**ढाणावाली।** मंगलवारी माता की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*



**भिवानी।** बाबा श्रीश्याम वाटिका में पूजन करते नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### 17 साल से आयोजन

नरेश कांजू ने बताया कि पिछले 17 वर्षों से लगातार इस भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन श्रद्धालुओं की आस्था और सहयोग का प्रतीक है, जिसमें हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर सेवा कार्य में अपना योगदान देते हैं।

### भजनों की अमृत वर्षा के बीच श्रद्धालु झूमते नजर आए

**भिवानी।** छोटी काशी धर्मनगरी में भक्ति एवं सेवा का नया अध्याय जुड़ गया है। बीटीएम चौक स्थित श्रीश्याम तोरण द्वार की प्रथम वर्षगांठ पर भव्य कीर्तन का आयोजन हुआ। वहीं तोरण द्वार के समीप पार्क को श्रीश्याम वाटिका के रूप में विकसित करने के कार्य का विधिवत शुभारंभ हुआ। तोरण द्वार की पहली वर्षगांठ को उत्सव के रूप में मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा श्रीश्याम के अलौकिक कीर्तन से हुई, जिसमें गायकों ने बाबा की महिमा का गुणगान किया। भजनों की अमृत वर्षा के बीच श्रद्धालु झूमते नजर आए। कीर्तन के पश्चात उपस्थित भक्तों के बीच भारी मात्रा में प्रसाद का वितरण किया। इस मांगलिक अवसर पर कई प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की। नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह बतौर मुख्यतिथि शामिल हुए। उनके साथ अधिवक्ता अविनाश सरदाना, पार्षद सतेंद्र मोर व पार्षद मनीष गुरेजा ने कार्यक्रम में पहुंचकर बाबा श्रीश्याम का आशीर्वाद लिया और वाटिका के निर्माण कार्य की सराहना की। मंदिर के संस्थापक घनश्याम शर्मा ने बताया कि पार्क को अब श्रीश्याम वाटिका के नाम से जाना जाएगा। श्रीश्याम वाटिका का नवनिर्माण कार्य पूरी तरह से श्रीश्याम बाबा की असीम कृपा और सभी कॉलोनीवासियों के अटूट सहयोग से संपन्न होगा। हमारा लक्ष्य है कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों को एक अत्यंत सुंदर और आध्यात्मिक वातावरण प्राप्त हो। वही अतिथियों ने कहा कि इस वाटिका के बनने से बीटीएम चौक इलाके की सुंदरता तो बढ़ेगी ही, साथ ही यह स्थान आध्यात्मिक शांति का केंद्र भी बनेगा। कार्यक्रम के दौरान हारे के सहारे की जय और बाबा श्याम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# अभिभावक बच्चों के साथ समय बिताएं



**लोहारू।** आयोजित कार्यक्रम का अवलोकन करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

- लोहारू ब्लॉक में आकांक्षा हाट में योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

ब्लॉक में नीति आयोग के आकांक्षा खंड कार्यक्रम के तहत आयोजित आकांक्षा हाट के दूसरे दिन विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर आमजन को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा उन्हें योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। एसडीओ कृषि विभाग राहुल छिल्लर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को आधुनिक बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं।

उन्होंने एग्री स्टेक, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, मृदा प्रशिक्षण तथा पानी गुणवत्ता जैसी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे समय पर पंजीकरण करवाकर इन योजनाओं का लाभ उठाएं तथा वैज्ञानिक तरीकों से खेती कर अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाएं।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. आकांक्षा ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं और सेवाओं के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए माता-पिता का उनके साथ समय बिताना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को फोन से दूर रखना जरूरी है।

### लोगों को दी जानकारी

अनुराधा (ढिगावा जाटान) ने भी अपनी सुंदर प्रस्तुति से उपस्थित आमजन का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि आकांक्षा हाट का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों की योजनाओं को एक ही मंच पर लाकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों तक उनकी जानकारी पहुंचाना है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। साथ ही स्वयं सहायता समूहों को भी अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री का अवसर मिल रहा है, जिससे महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है। यह कार्यक्रम आगामी दिनों में भी जारी रहेगा, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी।

# डिजिटल मोड में होने वाली जनगणना के लिए उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

- लघु सचिवालय में जनगणना कार्य को लेकर चार्ज आफिसर्स की वर्कशाप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

आगामी जनगणना-2027 को डिजिटल मोड में सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से लघु सचिवालय में तहसीलदारों व शहरी निकायों के अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल टल ने अधिकारियों को जनगणना से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस बीच जनगणना निदेशालय हरियाणा के अधिकारियों ने पीपीटी के जरिए जनगणना कार्य से जुडी जानकारी दी। उपायुक्त ने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विकास योजनाओं का निर्माण और संसाधनों का उचित वितरण सुनिश्चित किया जाता है। इस बार जनगणना डिजिटल माध्यम से की जाएगी, इसलिए सभी अधिकारियों को तकनीकी पहलुओं की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि तहसीलदार व नगर निकायों के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जनगणना कार्य से जुड़े कर्मचारियों को समय रहते प्रशिक्षित करें और यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी डिजिटल एप्लिकेशन तथा निर्धारित प्रक्रिया से भली-भांति परिचित हो। उन्होंने निर्देश दिए कि जनगणना से संबंधित सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूरी की जाएं, ताकि आगामी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित की जा सके। उपायुक्त ने कहा कि जनगणना कार्य में सटीकता और पारदर्शिता बनाए रखना अत्यंत जरूरी है। इसके लिए अधिकारियों को क्षेत्र स्तर पर निरंतर निगरानी रखनी होगी । कार्यशाला के दौरान पीपीटी के माध्यम से अधिकारियों को जनगणना-2027 की प्रक्रिया, डिजिटल डाटा संकलन प्रणाली, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।




**चरखी दादरी।** कार्यशाला में उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल व अन्य अधिकारी।

# विधायक ने विस में उठाई क्षेत्र की मांगें

- विधायक राजबीर फरटिया ने किसानों और व्यापारियों के हित में सदन में उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

लोहारू के कांग्रेस विधायक राजबीर फरटिया ने विधानसभा सत्र के दौरान लोहारू हलके के किसानों कल्याण के लिए विभिन्न लंबित मांगों को पुरजोर तरीके से उठाया वहीं विधायक ने व्यापारियों के हित में लोहारू शहर अनाज मंडी के राजस्व रिकार्ड को दुरुस्त करने के लिए सदन में आवाज बुलंद की। लोहारू के अनेक लोगों विधायक राजबीर फरटिया का आभार प्रकट करते हुए कहा कि विधायक हलके लोगों की हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। बता दें कि



पिछले माह लोहारू व्यापार के मंडल सदस्यों अनाजमंडी मंडी और मुख्य बाजार के राजस्व रिकॉर्ड की खामियों को दूर करवाने की मांग को लेकर विधायक राजबीर फरटिया को ज्ञापन प्रेषित किया था और बताया था कि अनाज मंडी और मुख्य बाजार क्षेत्र को नगरपालिका रिकार्ड में अनाधिकृत घोषित कर रखा है जबकि यहां में कई दशकों से व्यापारी अपने प्रतिष्ठान और आवास में बनाकर बैठे हैं।

### प्रोपर्टी आईडी पोर्टल बना अन्याय का पर्याय

विधानसभा सदन में कांग्रेस विधायक राजबीर फरटिया ने शहर के व्यापारियों की पीड़ा का जिक्र करते हुए प्रॉपर्टी आईडी पोर्टल को अन्याय का पर्याय बताया। उन्होंने बताया कि 1939 से आबाद लोहारू के बाजार को पोर्टल पर अनाधिकृत बताया गया है, जो व्यापारियों के साथ अन्याय है। उन्होंने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए इसे प्रशासन की लापरवाही बताया और कहा कि नवंबर 2021 की कमेटी की रिपोर्ट पर अविलंब अमल हो और व्यापारियों को उनका हक व सम्मान वापस दिलाया जाना चाहिए।

### विधायक ने सरकार के दावों को बताया खोखला

सदन में विधायक राजबीर फरटिया ने सरकार के दावों को खोखला बताते हुए सदन में सरकार को भिवानी चरखी दादरी जिले के बकाया करोड़ों रुपयों के बीमा क्लेम भुगतान और सरसों के करीब 85 करोड़ के बकाया मुआवजे के मुद्दे पर सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि चौ भूपेंद्र सिंह के कार्यकाल में किसानों का 1600 करोड़ का कर्ज माफ किया गया था। जबकि वर्तमान में प्रदेश के किसान मुआवजे के लिए ठोकरें खाने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि सैटेलाइट सर्वे की आड़ में किसानों का शोषण करने वाली बीमा कंपनियों की जवाबदेही तय हो और इसी सत्र में भुगतान सुनिश्चित किया जाए। विधायक ने सदन को याद दिलाया कि स्वर्गीय चौधरी बंसी लाल द्वारा निर्मित सिंचाई तंत्र आज देखरेख के अभाव में दम तोड़ रहा है। उन्होंने पाजू, डमकौरा, लाढ़ावास और सोरदा माइनर की बदहाली का जिक्र भी किया।

# सरकार किसान और मजदूर की रोजी-रोटी पर कर रही हमला

- मुख्य मांगों को लेकर 24 को सीपीआई एम दिल्ली में करेगी जन आक्रोश रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी हरियाणा राज्य कमेटी द्वारा किसानों मजदूरों व आम जनता की मांगों व समस्याओं को लेकर 24 मार्च को राष्ट्रीय स्तर पर जन आक्रोश रैली की तैयारी के लिए 9 मार्च से 20 मार्च तक दो जत्थों का आयोजन किया गया है। दादरी के एमसी पार्क में पहले जत्थे की तरफ से सभा की गई । सभा की अध्यक्षता पार्टी नेता रणधीर कुंगड़ ने की।

सभा को सम्बोधित करते हुए पार्टी राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड सुरेन्द्र मलिक , जय भगवान व ओम प्रकाश ने कहा कि एक तरफ देश में मोदी सरकार किसान मजदूर व आम जनता की रोजी रोटी पर हमला कर रही है, वहीं देश में मेहनतकश जनता में धर्म व जाति के आधार पर फूट डालने का काम किया जा रहा है। किसान मजदूर को लूटा जा रहा है , यूरोपियन यूनियन व अमेरिका से स्वतन्त्र व्यापार समझौता करके कृषि व डेयरी उत्पादों की पूरी छूट देकर देश के किसान मजदूर को बर्बाद करने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने देश में किसान को लाभकारी दाम मिले , बिजली निजिकरण व बीज विधेयक 2025 रद्द हों ।

# नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने लगाए 551 पौधे, देखभाल की जिम्मेदारी ली

- जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, जयंती या पुण्यतिथि जैसे अवसरों पर पौधे जरूर लगाएं : डॉ. राजू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी।

भारत की प्रथम महिला अध्यापिका एवं महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर कायला जलघर में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था की ओर से 551 पौधे लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता का संदेश भी दिया गया।

इस अवसर पर संस्था के पर्यावरण रक्षक जेई बिजेश जावला, संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी, मानवाधिकार उच्च आयुक्त डॉ. राजू मेहरा ने पौधारोपण अभियान में भाग लेते हुए कहा कि महान व्यक्तित्वों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी है जब उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज के लिए सकारात्मक कार्य किए जाएं। जेई बिजेश जावला ने कहा कि किसी भी विशेष दिवस को यादगार बनाने का सबसे अच्छा तरीका पौधारोपण है। यदि लोग अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, जयंती या पुण्यतिथि जैसे अवसरों पर पौधे लगाएं।



**भिवानी।** पौधे वितरित करते संस्था के पर्यावरण रक्षक जेई बिजेश जावला ।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

- ओलंपियाड जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का एक महत्वपूर्ण माध्यम : बलराज फौगाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ में प्रथम एवं द्वितीय स्तर के ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक बलराज फौगाट, प्राचार्या नमिता दास और प्रीती पाहवा ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों के ओलंपियाड में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन विद्यार्थियों ने प्रथम और द्वितीय स्तर की परीक्षाओं में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस सम्मान समारोह में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। निदेशक बलराज फौगाट ने अपने संबोधन में कहा कि ओलंपियाड जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इससे प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती ह।

# गांव बामला में पहुंचे माकपा जत्थे का ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

- जनता की मांगों को लेकर 24 मार्च को माकपा की दिल्ली में करेगी जन आक्रोश रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी की हरियाणा राज्य कमेटी द्वारा किसानों मजदूरों व आमजन की मांगों व समस्याओं के सामाधान के लिए 24 मार्च को राष्ट्रीय स्तर पर जनआक्रोश रैली की तैयारी गांव बामला में बड़ी परस में जत्थे का भारी स्वागत हुआ। जत्था गांव की बीच बड़ी परस में पहुंचा, ग्रामवासियों ने ताड़ियों की गडग़ड़ाहट के बीच फूल-मालाओं से जत्थे के मुख्य वक्ता कामरेड सुरेद्र मलिक, जयभगवान व कामरेड ओमप्रकाश का स्वागत किया। गांव की तरफ से वक्ताओं, नाटक कलाकारों का गांव की तरफ से पार्षद रुपेंद्र ग्रेवाल ने स्वागत किया तथा परस में जत्थे ने सभा की।पार्टी राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड सुरेन्द्र मलिक, जयभगवान व कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि देश में मोदी सरकार किसान, मजदूर व आमजन की रोजी रोटी पर हमला कर रही है।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सुंदर ग्रेवाल, जगबीर ग्रेवाल, पूर्व सरपंच सुधीर, जोगेंद्र ग्रेवाल, सतीश ग्रेवाल, धर्मबीर बामला, समुन्द्र सिंह, जयवीर नौरंगाबाद, कलीराम फौजी सांगा, ओमपाल कायला, रामफल देशवाल, सुखदेव पालुवास, संतोष देशवाल व सुशीला सरोहा शामिल रहे।

## भगवानदास ने समाधान शिविर में उठाया था मुद्दा

# नप ने सड़कों पर स्लैब बनाने का कार्य किया शुरू

**सांसद धर्मबीर व विधायक सर्राफ को भी मामले से करवाया गया था अवगत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भगवानदास कालिया ने बताया कि 26 फरवरी को समाधान शिविर में बिजली ट्रांसफार्मर व रोड की समस्या से अधिकारियों को अवगत करवाया था। शिविर में बीटीएम चौक से रेलवे स्टेशन की तरफ जाते समय रास्त में कब्रिस्तान के नजदीक पार्क कालोनी में मुख्य रोड पर बिजली के खम्भों पर दो ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं, जिनमें से एक लोहे के पोल पर लगा हुआ है, जिनकी उचाई बहुत ही कम है इनकी उचाई कम होने के कारण किसी भी समय कोई हादसा हो सकता है।

इसी प्रकार आईटीआई के अंदर भी ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, जिसमें सीधे सप्लाई की हुई है। उन्होंने कहा कि लाइन काटनी पड़ जाए तो बिजली की लाइन नहीं कट सकती, जिसकारण यहां पर अप्रिय घटना होने का अंदेशा बना रहता है। उन्होंने बावड़ी गेट, एमसी कालोनी मोड़, दादरी गेट, हनुमान गेट के अंदर जाने वाले रोड पर स्लैब न उतरने के कारण गड्ढे बन गए, जिसकारण वाहनों को आने जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही आदि समस्याएं समाधान शिविर में उठाई थी। इन समस्याओं में से सड़कों के स्लैब उतारने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए सबसे पहले उपायुक्त के आदेशों पर नगर परिषद ने कार्य आरंभ कर दिया है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के आदेशों के बाद भी संबंधित विभाग के अधिकारी कार्य नहीं कर रहे। इस समस्याओं के बारे में सांसद धर्मबीर सिंह, विधायक घनश्याम सर्राफ व भाजपा जिला अध्यक्ष विरेन्द्र कौशिक को भी अवगत करवाया जा चुका है। उन्होंने अधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि अन्य समस्याओं का भी शीघ्र समाधान किया जाए।



**भिवानी।** सड़क पर स्लैब का कार्य करती जेसीबी मशीन।

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर राजेश, सुभाष, विनोद, विकास, संजय, अनिल पेंटर, अनिल डाबला, दिलबाग बगीवाला, सुरेन्द्र इंदौरा, कालु, जले कबाड़ी, संतू, सोनू, अल्लम, रामफल, रिंकू सैनी आदि दुकानदार मौजूद रहे।*

## खबर संक्षेप

### बजीणा पीएमश्री स्कूल के मनाया वार्षिकोत्सव

**भिवानी।** बजीना स्थित पीएमश्री राजकीय वमा विद्यालय में दूसरा वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गांव की सरपंच सुंदरी देवी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया। मुख्यतिथि के रूप में पहुंची सरपंच और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य अनूप सिंह पुनिया एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने माल्यार्पण करके किया। मंच संचालन रमेश कुमार रोहिल्ला ने किया। समारोह के दौरान विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्राचार्य पुनिया ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

### पौष्टिक आहार का सेवन करने का किया आह्वान

**भिवानी।** गर्भवती महिलाओं को दी पोषण की पोटली महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान एवं अतिरिक्त उपायुक्त के मार्गदर्शन में संचालित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रमों के तहत मंगलवार को भिवानी शहर खंड के ढाणी चेजारान क्षेत्र स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया। गर्भवती महिलाओं का सम्मान करते हुए उन्हें पोषण की पोटली व सतरंगी पोषण थाली भेंट की गई तथा गर्भावस्था के दौरान उचित देखभाल, संतुलित आहार और एनीमिया से बचाव के प्रति जागरूक किया।

### शिविर में युवाओं ने सीखे जीवन रक्षा के गुर

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। 9 से 15 मार्च तक होने वाले इस शिविर में मंगलवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी भिवानी द्वारा स्वयंसेवकों को बेसिक फर्स्ट एड (प्राथमिक चिकित्सा) और सीपीआर की जानकारी दी। कार्यक्रम उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस अध्यक्ष साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन और रेडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर में 50 से अधिक एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

## तोशाम में नई अनाज मंडी से एसडीएम कार्यालय तक ट्रैक्टर मार्च निकाला

# धान घोटाले की जांच सीबीआई से करवाने व अमेरिका से ट्रेड डील रद्द करने की मांग

**मोदी सरकार ने अमेरिका व इसराइल के आगे टेक दिए हैं घुटने**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम



तोशाम। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

मंगलवार को किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन के भिवानी जिला अध्यक्ष योगी केदारनाथ, तोशाम हल्का अध्यक्ष मुकेश नंबरदार तथा दादरी जिला अध्यक्ष नवीन कारी मोद के नेतृत्व में तोशाम नई अनाज मंडी से एसडीएम कार्यालय तक ट्रैक्टर मार्च निकाला तथा एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व इजराइल के राष्ट्रपति नेतन्याहू का ईरान पर हमले के विरोध में और धान घोटाले की सीबीआई जांच की मांग अमेरिका से नई कृषि व्यापार डील रद्द करवाने के लिए, बिजली बिल 2025 रद्द करने के लिए, बीज बिल 2025 रद्द करने के लिए, खेतों में जलभराव से हुए नुकसान की मुआवजा की मांग को लेकर मुख्यमंत्री सरकार व केंद्र की भाजपा सरकार के नाम मांगपत्र एसडीएम कार्यालय में मौजूद अधिकारी को सौंपा। इस मौके पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी ने प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अमेरिका और इजराइल ने ईरान से बातचीत करने की कहकर धोखे से हमला बोल दिया। जिसमें ईरान के पूर्व राष्ट्रपति खामनेई मारे गए। फिर स्कूल पर हमला किया गया जिसमें 165 बच्चों समेत आम लोग मारे गए। ईरान के युद्धपोत को अमेरिका ने समुद्र में डूबो दिया इसमें 87 लोग मारे गए। इस हमले की सारी दुनिया में और खुद अमेरिका में लोग सड़क पर उतर कर जबरदस्त विरोध कर रहे हैं। लेकिन हमारे देश की मोदी सरकार ने विरोध करने की बजाए अमेरिका व इसराइल के आगे घुटने टेक दिए हैं। इस बर्बर हमले की निंदा तक नहीं की। भारत सरकार अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर डील करने जा रही है। जिसको लेकर केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ देश की जनता में काफी नाराजगी है। इसके खिलाफ किसान-मजदूर संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर 9 मार्च को दिल्ली के जंतर-मंतर पर भारी विरोध प्रदर्शन किया। बीकेयू के ब्लॉक प्रधान मुकेश नंबरदार ने बताया की धान घोटाले की जांच सीबीआई से करवाई जाए बिजली बिल 2025 रद्द किया जाए, खराब हुई फसलों का तुरंत मुआवजा जारी करें अमेरिका भारत कृषि ट्रेड डील तुरंत रद्द करें इसी बात को लेकर किसान-मजदूर संगठनों ने सरकार की कड़ी आलोचना की है। प्रदर्शनकारियों ने युद्ध नहीं शांति चाहिए, अमेरिका-इसराईल मुर्दाबाद, ईरान पर हमले बंद करो, युद्ध नहीं रोजगार दो। अमेरिका - इसराईल ईरान से दूर हटो, युद्ध खोर का सरगना अमेरिका मुर्दाबाद आदि नारे लगा रहे थे।

### गैस सिलेंडर के बढ़े दाम वापस लेने की मांग

भारत सरकार ने युद्ध को बहाना बनाकर घरेलू रसोई गैस सिलेंडर पर 60 रु बढ़ा दिये हैं। पहले ही देश की आम जनता महंगाई-बेरोजगारी से हाहाकार कर रही है। यह वृद्धि भी ऐसे समय 7 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से ठीक एक दिन पहले की गई है। क्या सरकार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को यही तोहफा दिया है। इस बढ़ोतरी की सभी किसान संगठनों ने कड़ी निन्दा की और इस बढ़ोतरी को तुरंत वापस लेने की मांग की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 23 मार्च तक मांगे पूरी नहीं की जाती तो पीपली की अनाज मंडी से 23 मार्च को सरकार के साथ आर-पार की लड़ाई का आगाज होगा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन तोशाम हल्का उपप्रधान राजवीर दूहन, कोषाध्यक्ष अनिल सोमवीर दूहन, शहीद भगत सिंह युवा क्लब तोशाम के प्रधान संदीप पंघाल, धर्मवीर पंघाल, आशीष तोशाम, महेंद्र सिंह कटारिया, दयानंद फौजी, अनिल कुमार बागनवाला, राजवीर बागनवाला, युद्धवीर खरेटा आदि सहित अनेक किसान नेता व किसान मौजूद थे।


बवानीखेड़ा। दुर्दिनों के दौर में बवानीखेड़ा का हुडा पार्क। फोटोः हरिभूमि

## हुडा पार्कों की व्यवस्था चरमराई

# कांटेदार झाड़ियों और कांग्रेस घास के कारण पार्क लग रहे जंगल

- किसी समय पार्कों की दीवारों के चारों तरफ ग्रिल होती थी और फलदार पौधे बढ़ाते थे इनकी शोभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा स्थित हुडा कॉलोनी के पार्कों की व्यवस्था चमराई हुई है। इन पार्कों में कांटेदार झाड़ियां, कांग्रेस घास आदि खड़ी हुई है। जिससे ये पार्क न लगकर जंगल जान पड़ते हैं। हालांकि किसी समय इसकी दिवारों के चारों तरफ ग्रिल होती थी, पार्क में पेड़, फलदार पौधे पार्क की शोभा को बढ़ाने का काम करते थे और बच्चे, युवा, बुजुर्ग सुबह शाम इसमें घूमने जाते थे लेकिन आज ये केवल नाम के ही पार्क बचे हैं। नशेड़ियों के द्वारा इसकी ग्रिलों को उखाड़ दिया और इसकी दिवार की ईंटों को भी तहस नहस कर दिया गया। मौके पर आधा दर्जन के करीबन पार्कों का हाल देखने पर पता चलता है कि मानों प्रशासन ने इसकी सुध तक लेना मुनासिब नहीं समझा। केवल कागजों में इसका रखरखाव किया जा रहा है। लोगों में राजेश, राकेश, संदीप, मनोज, अक्षय, रमन, सत्यवान आदि की मानें तो ये पार्क केवल नाम के ही रह गए हैं। सभी कालोनीवासियों द्वारा बताया कि उन्होंने पूरे जीवन भर की पूंजी कॉलोनी में अपना आशियाना बनाने में खपत कर दी लेकिन यहां सुविधाओं के नाम पर केवल कोरे आश्वासन हैं। कॉलोनीवासियों में से कुछ के द्वारा इन पार्कों में पौधे भी लगाए लेकिन व्यवस्था न होने के कारण आवारा पशुओं के द्वारा इन पौधों को नष्ट कर दिया जाता है जिससे इसकी दशा और बिगड़ती जा रही है। हुडा कॉलोनीवासियों सहित शहरवासियों ने प्रशासन से इसकी सुध लेने की अपील की।

**ली जाएगी सुधः** दूसरी तरफ इस बारे में नपा प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि धीरे-धीरे शहर में विकास कार्यों का होना शुरू हो गया है। जल्द ही हुडा कॉलोनी सुध ली जाएगी। शहर में विकास की गंगा बहेगी।

# अभिभावकों को किया जागरूक

- आंगनवाड़ी केंद्रों में मनाया प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला उपायुक्त के मार्गदर्शन मे विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों के अभिभावकों को प्रारंभिक शिक्षा, पोषण और बच्चों के सर्वांगीण विकास के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुपरवाइजर सुजाता व प्रगति के मार्गदर्शन में किया गया।


भिवानी। आयोजित बैठक में जानकारी देते हुए। फोटोः हरिभूमि

### आत्मविश्वास की भावना होती है विकसित

अभिभावकों को बताया गया कि आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को स्कूल जाने से पहले किस प्रकार प्रारंभिक शिक्षा प्रदान की जाती है। यहां बच्चों को खेल-खेल में सीखने की पद्धति के माध्यम से पढ़ाया जाता है, जिससे उनका मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास बेहतर तरीके से हो सके। साथ ही बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और सामूहिकता की भावना भी विकसित की जाती है, ताकि वे आगे चलकर स्कूल के माहौल में आसानी से ढल सकें। सुपरवाइजरों ने कहा कि छोटे बच्चों के स्वस्थ विकास के लिए पौष्टिक भोजन बेहद आवश्यक है।

### गोभक्त स्व. रामभक्त को दी श्रद्धांजलि

**तोशाम।** श्री श्याम गोशाला संडवा के पूर्व प्रधान एवं गऊ भक्त स्व. रामभक्त की पहली पुण्यतिथि पर सोमवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गोशाला परिसर में हवन-यज्ञ किया गया और उनकी स्मृति में बनने वाली मूर्ति के स्थापना स्थल पर ईंट रखकर कार्य का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गौ भक्तों और ग्रामीणों ने पहुंचकर स्व. रामभक्त को श्रद्धासुमन अर्पित किए। गोशाला के प्रधान कृष्ण महाराज ने बताया कि रामभक्त करीब छह वर्षों तक गौशाला के प्रधान रहे और उन्होंने तन-मन से गौ सेवा के लिए कार्य किया। उनके कार्यकाल में गोशाला के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए।

# आर्मी टीम ने करनाल को हराया

- चांदवास में जय दादा चंदन सिद्ध वालीबाल स्पर्धा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

चांदवास में जय दादा चंदन सिद्ध वालीबाल स्पर्धा में अपने जौहर दिखाए। इस दौरान पहुंचे जिला उपायुक्त मुनीश नागपाल, सीईओ जिला परिषद डा. विरेंद्र सिंह ने पहुंचकर मैचों का लुत्फ उठाया तथा खिलाडियों को बधाई दी। कड़ी धूप में आयोजित मुकाबले में धूप सिंह एकेडमी चांदवास ने वेस्टर्न कमांड सेंटर को 2-0 के मुकाबले में हराया आर्मी टीम ने करनाल को हराकर लीग राउंड के लिए क्वालीफ़ाई किया दादा चंदनसिद्ध खेल स्टेडियम में आयोजित वालीबाल स्पर्धा में इंडियन आर्मी, पैरा मिलिट्री सहित एक दर्जन राज्यों की टीमों ने पंजीकरण करवाया। कार्यक्रम में पहुंचे जिला उपायुक्त मुनीश नागपाल, सीईओ जिला परिषद डा. विरेंद्र सिंह का सुधीर चांदवास, सरपंच प्रदीप कुमार, बीडीसी सुनील कुमार, भाजपा नेता मुनीश बडेसरा आदि मौजूद रहे।


बाढड़ा। करनाल को हराकर विजयी हुई आर्मी टीम खेल प्रशिक्षकों के साथ।

### खेलों का विशेष महत्व

जिला उपायुक्त मुनीश नागपाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों का विशेष महत्व है और इससे युवाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है। प्रत्येक व्यक्ति को एक खेल जरुर चयन करना चाहिए। इससे मानव शरीर मजबूत होने के अलावा कई बिमारियों से भी छुटकारा मिलता है। केन्द्र व प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ाने के लिए बड़ा बजट आवंटित कर रही है।

## पेयजल आपूर्ति व ब्लॉक सीवरेज लाइन का हुआ स्थायी समाधान

**भिवानी।** हांसी गेट से पंचायत भवन जाने वाले रोड पर सीवरेज लाइन ब्लॉकेज की वजह से परेशानी बनी हुई थी, जिससे क्षेत्र के व्यापारियों का ओवरफ्लो सीवरेज के कारण दुकानों पर बैठना मुश्किल हो गया था। काफी दिनों से सीवरेज लाइन के ब्लॉक व ओवरफ्लो की शिकायत निरंतर बनी हुई थी। आमजन व व्यापारी बंधुओं ने जब हर जगह शिकायत देने के बाद भी सीवरेज ब्लॉक व ओवरफ्लो लीकेज लाइन की शिकायत दूर नहीं हुई तो व्यापारी बंधुओ ने लिखित में एक ज्ञापन उन्हें देकर जल्द निवारण के लिए निवेदन किया था। ओवरफ्लो व ब्लॉक सीवरेज लाइन के कारण उत्पन्न बदबूदार मेल्ट दूषित पानी से उक्त रोड से जाने वाले आमजन, राहगीरों, स्कूली बच्चों व व्यापारियों का निकलना मुश्किल हो गया था। समस्या की गंभीरता को देखते हुए ब्लॉक सीवरेज लाइन को दुरुस्त करवाने की त्वरित कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को मौके पर सुपर स्कर मशीन साथ कर्मचारी पहुंचे व ब्लॉक सीवरेज लाइन को दुरूस्त किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

### खाकी एंव कलम के सिपाहियों ने रक्त देकर बचाई मरीजों की जान

**भिवानी।** शहर के दो अलग-अलग अस्पतालों में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे मरीजों के लिए सरकारी विभागों के कर्मचारी देवदूत बनकर सामने आए। आपात स्थिति में रक्तदान करने वाले कर्मचारियों को शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। भिवानी के निजी अस्पताल में भर्ती कितलाना गांव निवासी मरीज की हालत उस समय नाजुक हो गई जब उन्हें दुर्लभ ओ नेगेटिव ब्लड ग्रुप की तत्काल आवश्यकता पड़ी तो परिवार ने शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा से सम्पर्क किया। पब्लिक हेल्थ विभाग के जेई कपिल श्योराण ने बिना देरी अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया।

# संकाय सदस्यों को किया जागरूक

- प्रथम दिवस पर महाविद्यालय के शिक्षण और ग़ैर शिक्षण स्टाफ को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

वैश्य महाविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल टास्क फोर्स फैकल्टी प्रशिक्षण कार्यशाला का प्रथम दिवस उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षित, संवेदनशील और उत्तरदायी वातावरण सुनिश्चित करने के लिए संकाय सदस्यों को जागरूक करना तथा उनकी क्षमता का विकास करना है। कार्यशाला के दूसरे दिन महाविद्यालय के विद्यार्थियों को


भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए।

### सहयोगी वातावरण सुनिश्चित करने पर बल दिया

मदवि के सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडी के डायरेक्टर और मनोविज्ञान के पूर्व अध्यक्ष प्रो. राधेश्याम ने अपने व्याख्यान में मानसिक स्वास्थ्य को सामाजिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य से जोड़ते हुए शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षित और सहयोगी वातावरण सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान में स्वस्थ शैक्षणिक माहौल तभी संभव है जब मानसिक स्वास्थ्य को समग्र दृष्टि से समझा जाए और विद्यार्थियों के लिए संवेदनशील वातावरण तैयार किया जाए। प्रो. राधेश्याम ने शिक्षक और विद्यार्थी के बीच सकारात्मक संबंधों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यही संबंध शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावी और सार्थक बनाते हैं। इस अवसर पर एनटीएफ सेल के नोडल अधिकारी डॉ. सतीश श्योराण सहित कई लोग मौजूद रहे।

# किसानों ने डीसी से मुलाकात कर बकाया मुआवजा मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

उपमंडल मुख्यालय पर संयुक्त किसान मोर्चा के धरनारत किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने आज मंगलवार को कस्बे के विश्रामगृह में जिला उपायुक्त मुनीश नागपाल से मुलाकात कर उनको लंबित मांगों का ज्ञापन सौंपकर बकाया मुआवजा। उपायुक्त ने उनकी मांगों पर जल्द समाधान करवाने का भरोसा दिया।

जुई रोड स्थित केनाल विश्राम गृह में संचालित उपमंडल कार्यालय में उपायुक्त मुनीष नागपाल से मुलाकात करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के धरनारत किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि जिला प्रशासन लगातार धरने प्रदर्शन को लेकर कोई समाधान नहीं कर रहा है जो न्यायसंगत नहीं है। वर्ष तीन सौ करोड़ के बकाया मुआवजे को लेकर उनकी 24 जुलाई को दादरी में सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात करवाई गई थी और उनको जल्द समाधान करवाने का भरोसा दिलाया गया था।


बाढड़ा। उपायुक्त मुनीश नागपाल से मिलते संयुक्त किसान मोर्चा पदाधिकारी।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## संस्कृति पर अश्लीलता के प्रहार के खिलाफ उतरी अपनी संस्कृति अपने संस्कार समिति

**समिति ने एडीसी को ज्ञापन सौंप हरियाणा सेंसर बोर्ड के गठन की उठाई मांग**

# भिवानी में उठी सेंसर बोर्ड के गठन की मांग, एडीसी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा की समृद्ध संस्कृति एवं नैतिक संस्कार समाज की असली पहचान हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से हरियाणवी गायन और गीतों में बढ़ते असभ्य शब्दों के प्रयोग ने प्रदेश के संस्कृति प्रेमियों की चिंता बढ़ा दी है। इसी कड़ी में मंगलवार को अपनी संस्कृति अपने संस्कार समिति के प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। समिति के ब्रांड एंबेसडर और मुख्यमंत्री से सम्मानित इंद्र सिंह लांबा ने कहा कि ने हाल ही में रिलीज हुए टटीरी गाने का विशेष रूप से उल्लेख किया।



भिवानी। एडीसी को ज्ञापन सौंपते अपनी संस्कृति अपने संस्कार समिति के सदस्य।

### ठोस कानून बनाने की जरूरत

उन्होंने कहा कि गाने के विवादित बोलों ने न केवल हरियाणा की गरिमा को ठेस पहुंचाई है, बल्कि प्रदेश की बेटियों के स्वाभिमान को भी आघात किया है। उन्होंने तर्क दिया कि गायन में बढ़ती अश्लीलता युवाओं के मानस पटल पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है, इसे समय रहते नहीं रोका गया तो आने वाली पीढ़िया अपनी वास्तविक विरासत से दूर हो जाएंगी। लांबा ने स्पष्ट किया कि ऐसी गलतियों की पुनरावृत्ति रोकने का एकमात्र रास्ता हरियाणा सेंसर बोर्ड का पुनर्गठन है। उन्होंने मांग की कि प्रदेश में बनने वाली फिल्मों एवं विशेषकर गानों के लिए सेंसर बोर्ड लागू किया जाए, किसी भी गीत या वीडियो को सार्वजनिक करने से पहले उसके शब्दों और दृश्यों की गहन समीक्षा हो, संस्कृति को अपमानित करने वाले कलाकारों और रचनाकारों पर दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान हो। सभी ने एक सुर में कहा कि प्रदेश की बेटियों के सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सरकार को जल्द से जल्द इस दिशा में ठोस कानून बनाना चाहिए।

### पंडित सीताराम शास्त्री स्कूल की हिमांशी ने जीता इंस्पायर अवार्ड

**भिवानी।** पंडित सीताराम शास्त्री गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल की कक्षा नौवीं की प्रतिभाशाली छात्रा हिमांशी ने विज्ञान के क्षेत्र में अपनी रचनात्मकता का लोहा मनवाया है। हिमांशी को उनके नवाचारी शोध विचार के लिए भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा इंस्पायर अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि के साथ ही छात्रा हिमांशी को अपने शोध प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने के लिए 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई है। हिमांशी की इस शानदार सफलता पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्राचार्या सोनिया कौशिक ने छात्रा हिमांशी की उपलब्धि को पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया।